[Shri V. B. Raju]

For this purpose also we can conduct raffles at the State level, even at the district level, and particularly in the area where there are surplus monies And there are agencies outside our country, philanthropic agencies which can make contributions So various avenues have got to be explored for meeting the requirements of this Fund If I can venture say, a fund of Rs 1,000 crores has to be promoted, a permanent fund and I do not think I am giving an exaggerated figure This fund must be kept at the disposal of an authority, it need not pass through the normal administrative routine, but must have a sense of urgency This amount has to be administered by such an authority Sir, I will say something about the various aspects of the calamities I mentioned about drought

MR DEPUTY CHAIRMAN I think Mr. Raju, you may continue after lunch You may take another 10 or 15 minutes The House stands adjourned till 2-30 P M

The House then adjourned for lunch at one of the clock

---

The House reassembled after lunch at half past two of the clock, THE VICE-CHAIRMAN (SHRI S S. MARISWAMY) in the Chair

## RESOLUTION *RE* CREATION OF A NATURAL CALAMITIES RELIEF FUND AT THE CENTRE AND IN THE STATES —*Contd*

SHRI V. B. RAJU Mr Vice-Chairman, the Resolution aims at highlighting two points firstly, in the event of a natural calamity, relief should be available immediately If it is not in time, the purpose is defeated. Secondly, ready resources and organisational command should be at hand to put into operation relief measures on an emergency basis These are the two objects of my Resolution When I speak about drought, I have already said that our agricultural programmes are irrigation-oriented They have not left any impact on dry farming The areas which are drought-prone are the areas which have got only dry farming When there is no water even for drinking and for cattle, to expect availability of water for irrigation is expecting too much in those areas In fact, as I have mentioned, it may be necessary that our planners should consider taking surplus water, from the reserve basin to meet this requirement Secondly, in drought-prone areas surface reservation may not be very helpful because it is subjected to a lot of evaporation We may have to adopt new technology and new techniques for developing groundwater in the sense of breaking up earth and then when rain is there, allow it to persolate And so much has got to by though about providing for permanent relief measures and unless there is a permanent organisation for it, this *ad hoc* approach will not give us any results You know, even at the United Nations level there is a Relief Commissioner, particularly for refugees At the national level we do not have a Relief Commissioner Even in some States where there are Revenue Boards, one of the members of the Board is a Commissioner I do not know whether, in other States where there are not Revenue Boards, they have got the institution of Relief Commissioner, One defect—I do not say it is a defect—one significant factor is the emergence of social tension we have been, through our Plans, helping the cultivators and the rural population which inhabits, as I said, the river valleys only, the incomes have gone up there

There is a big gap or there is a big disparity between the people in the areas which are prone to drought and people in those areas which have got sufficient rainfall or availability of irrigation This is not good Already in India we have two Indias—Urban

India and rural India. Again in the rural India, there are two divisions, namely, people in the drought prone areas and people in the areas where water is available.

Therefore, apart from long-range planning, even in short-range planning, relief organisation must be ready to meet the situation. In anticipation of any calamity, there should be preparation for a direct attack on it. In our Fifth Plan approach, a direct attack is envisaged on poverty. We do not continue to believe in indirect approaches on the assumption that an increased rate of growth in our economy will automatically provide jobs for the unemployed and remove poverty. These will take a very long time. In our Fifth Plan, therefore, we want to make a direct attack on poverty by pumping in resources into such areas.

Sir, the people in the drought-prone areas have become emaciated. In our relief schemes we are thinking of only providing work. We have forgotten to take note of the fact that there are two important segments among the people who need special attention. One is children. Children are not taken care of. There is no programme for providing nutrition to them. And children are the future citizens. With such emaciated population what is it we are going to do? The other segment is expectant mothers. We are not providing nutrition to them. We do not have any programmes for them. You all know the extent of damage that has been caused this year because of drought. Twenty crores of people have been affected in 227 districts out of 340 districts. How much assistance the Central Government has provided to the States? It is less than Rs. 200 crores. How is it going to meet the situation? This amount is going to be invested on works and for giving loans. As I said, there are voluntary organisations working there. But they are very marginal. We have many social service organisations in our country such as Kastrubai Trust Fund, Gandhi Foundation, Sarvodaya Seva Sangh, Arya Samaj, Ramakrishna Mission, etc. They are undertaking relief measures. We need medical teams. We want supervisory workers. We may need some technical personnel even. We may need Nurses. Are we planning for all these or not? As I have already mentioned, there is a big reservoir of philanthropy in this country. Our country is reputed for its humane outlook for centuries. That we are not exploiting. We all know how the country has responded at the time of Bangla Desh crisis. When we could do that, why not we think on those lines with regard to our own people and our own nationals who are in distress?

I will now come to cyclone. In October 1971 there was a cyclone in Orissa. Ten thousand lives were lost and 50,000 cattle died. We have almost become accustomed to such huge calamities and we have started to take them as normal.

That is my fear. We cannot control nature, but we can only understand it. In free India we cannot allow nature to do so much of devastation. In fact, the coastal area, the area along the Bay of Bengal, is cyclone-prone and it is known to every body. But have we built up any organisation locally to anticipate such calamities and act in time? Like the policemen we also come only after the event. The policeman comes into the picture only after two people have quarrelled and one has beaten the other and till then he does not interfere. Similarly, we also enter the field only later. Whether it is the political parties or the public workers or the administration, all enter the field only after the event. And it is our habit to have a programme of "fault-finding" and searching for scape-

[Shri V B Raju]

goats Therefore, Sir, my submission is that we must anticipate these things and we must be prepared for these things

Sir, there was a Committee appointed in 1972—the Cyclone Distress Mitigation Committee—for Orissa, and that Committee had made 59 recommendations and two of the 59 recommendations are as follows

(1) Creation of a National Calamities Fund (They have also suggested this)

(2) Constitution of a statutory body for the implementation of the cyclone distress mitigation measures

The Committee has also recommended these things and I do not know what the Government has done about these two recommendations Now, Sir, I come to the question of floods

It is said that 'the floods in India cause an average an annual direct damage of Rs 86 crores' Sir, this is a Government statement and this is an assessment by the Government We also know the floods of 1954 and what damage they have done We all know that So Sir, my point is that the magnitude of the problem is great, but we have been taking it lightly It is because the voice of the people who suffer is feeble and those people cannot go on strike, cannot threaten and they cannot boycott anything But the urban elements can do a lot to have their grievances known and they have a lot of influence and the newspapers also are influenced to provide headlines for them For instance, on the issue of the supersession of the three Judges, which we discussed yesterday and into which I shall not go now, so much of hubbub is going on But when millions of people suffer, there is no proper representation for their cause and no emphasis is laid on the need to go to their rescue That is how the unfortunate millions are suffering when they are subjected to natural calamities

Sir, I do not want to take the time of the House and I will only make a few points and finish

Sir, I want legislation to be enacted, legislation to set up a Fund and to provide money out of the Fund for the whole of the country

Secondly, an Authority must be created to operate upon that Fund

Thirdly, powers must be there to declare such affected areas as emergency areas so that transport and other services can be quickly requisitioned Sometimes we may have to move the people from the affected areas or send other materials to those areas and every thing will have to do on an emergency basis Therefore, the legislation must empower this Authority with such powers

Fourthly, Statutory Relief Committees have to be constituted locally Public opinion must be attracted and the co-operation of the leaders of public opinion must be sought The legislation must provide for the constitution of these Committees also

Another thing is about which I have already mentioned There are many voluntary organisations and they must also be associated and with their work must be dovetailed with the work of the Governmental agencies I say this because the resources are national, whether the work is official or non-official, and since there should not be any duplication or wastage, these things must be dovetailed and there must be provision for that also

I have already mentioned about the office of the Relief Commissioner Relief Commissioner must be appointed and there must

be Commissioners in the States also and they should be put on this job and they should be full time Commissioners and not part-time.

Then Sir, even Mr. Dandekar now working on the drought relief works in Maharashtra also said that Government machinery is completely inadequate in tackling the drought situation and there is need for non-official mobilisation of relief operations on a large scale.

Lastly, Sir, I would like the Government to examine one of the proposals recently made, that is, the scheme of 'Youth against Famine. That is, about one lakh youth are going to be recruited for fighting famine, and a sum of Rs. 1.83 crores is sought to be spent. That might be taken up in summer. One thing I would like to point out in this conection. When you take youth from here to there the difficulties for the administration are transport looking after them and expenditure on them. What we need actually is work for the affected people. The idea that youth should be involved in developmental activity is good. But there are other methods. I want the Government to examine this point, that is, to keep those unfortunate people affected by natural calamties in employment.

I have completed what I had to say and would only repeat that the Government should take up seriously about the need for fool-proof, streamlined organization with necessary resources, locate the areas which will be subject to such calamities and get prepared for it before greater damage is done.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR : Sir, I move :

1. "That at the end of the Resolution after the words 'to operate upon the Fund' the following be added namely :"

'identify those parts of the country where natural calamities are endemic; formulate plans for the permanent solution of this problem; guide the State Government in the implementation of these plans; and where necessary, implement the relief schemes under its own supervision."

SHRI SANAT KUMAR RAHA (West Bengal): Sir, I move :

3. "That in the Resolution in line after the word 'floods', the word 'erosions' be inserted."

*The questions were proposed.*

**श्री नवल किशोर** : (उत्तर प्रदेश) उपसभाध्यक्ष महोदय, मैने अपने दोस्त राजू साहब की तकरीर बड़े ध्यान से सुनी और मुझे महसूस हुआ कि उनके दिल मे बहुत टीस है उन लाखो करोड़ो आदमियों के लिए जो हर साल किसी न किसी दैवी विपत्ति या प्रकोप के शिकार हो जाते हैं। श्रीमन् मेरी पूरी हमदर्दी उनके साथ है।

उन्होने अपने भाषण मे बहुत सी अच्छी बाते भी कही और उन्होने दो बातो पर बहुत जोर दिया। उन्होने बताया कि उड़ीसा मे साइक्लोन अक्सर आते हैं जिन मे हर साल हजारो इसान और जानवरो की जाने जाया होती है और लाखो की तादाद मे लोग उस मुसीबत के शिकार होते है। उन्होने बाढ की बात भी कही। उन्होने सूखे की बात भी कही। उन्होने भूकम्पो की भी बात कही। कभी कभी जो आग के हादिसे होते है और खास कर गर्मियो मे आधी आने पर जो देहातो मे कभी-कभी आग लग जाती है उसकी भी उन्होने चर्चा की। उन्होने दो बातो पर जोर दिया। उन्होने कहा कि इमर्जेंसी बेसिस पर इस चीज को हाथ मे लिया जाये और इसके लिए काफी मात्रा मे आर्थिक साधन, रिसोर्सेज उपलब्ध हो। जहा तक इन दो बातो का सम्बन्ध है मैं पूर्णतया उनका समर्थन करता हू। लेकिन जो दवा उन्होने बतायी कि उसके लिए आवश्यक

(श्री नवल किशोर)

है कि एक नशतल कैलेमेटीज रिलीफ फड कायत किया जाय और एक स्टैचुयेरी अथारिटी कायम की जाय जो उसको देखेगी, उसमे एक बात साफ नही हुई कि स्टैचुयेरी अथारिटी जो होगी वह या तो कोई न कोई गवर्नमेट की अथारिटी होगी, चाहे वह कार्पोरेशन की शक्ल मे हो चाहे वह गवर्नमेट के एक डिपार्टमेट की शक्ल में हो, या अगर उनका मतलब है कि उसके लिए कोई प्राइवेट एजेसी हो तो उन्होने खुद ही उसको मान लिया कि हमारे यहा गाधी स्मारक निधि है, कस्तूरबा निधि है, राम कृष्ण मिशन आदि हैं जो इस तरह का अपना-अपना प्राइवेटली काम करते हैं । लेकिन इस सिलसिले मे मैं राज साहब से एक बात कहना चाहता हू कि वह जिस बात को सोच रहे है वह कोई ज्यादा प्रेक्टिकल चीज नही है । आज दो प्रश्न हैं । एक तो यह है कि हमारे पास रिसोर्सेज कितने हैं और दूसरा प्रश्न यह है कि जो हैं उनका इस्तेमाल किस तरह से होना है । इस साल के बजट मे भी अगर आप देखे तो बाढ़ के लिए भी धनराशि है और दूसरी नेचुरल कैलेमेटीज के लिए भी फण्ड्स हैं, लेकिन दिक्कत यह होती है कि जब उत्तर प्रदेश मे बाढ आती है और उत्तर प्रदेश के 24 जिले उसका शिकार बन जाते हैं, वहा करोडो का नुकसान हो जाता है और जब वहा की सरकार कहती है कि हमको 20, 25 या 30 करोड रुपये की मदद दी जाय तो उत्तर प्रदेश को डेढ़ या दो करोड रुपया दिया जाता है और जब तमिलनाडु मे सूखा पडता है जहा तीन या चार जिले एफेक्टेड होते हैं और वहा से माग आती है कि हमको दो करोड रुपया दिया जाय और वहा केन्द्रीय सरकार का आदमी जाता है और कहता है कि डेढ करोड रुपया उन के लिए काफी है, तो वहा के लिए उनको 22 करोड रुपया दे दिया जाता है । क्यो, यह बात आज तीन साल बाद भी मेरी समझ मे नही आयी । इतना तो मेरी समझ मे आया कि उस समय की राजनीतिक स्थिति मे डी० एम० के० के 15 या 18 मेम्बर थे और उनको सरकार को साथ रखने की आवश्यकता थी । आज सूखे का शिकार है आपका मैसूर, आपका राजस्थान और महाराष्ट्र, पूर्वी बिहार और कुछ उत्तर प्रदेश के हिस्से भी हैं । लेकिन मैं जानना चाहता हू कि हमारे स्टेट मिनिस्टर आफ फाइनेंस श्री गणेश यहा बैठे है कि क्या ऐसे आकडे वह हमे दे सकेंगे कि कितने लाख आदमी राजस्थान मे एफेक्टेड थे, कितने लाख आदमी एफेक्टेड थे महाराष्ट्र मे, कितने लाख आदमी एफेक्टेड थे मैसूर मे और कितने बिहार मे और कितने यू०पी० मे एफेक्टेड थे और आपने कितने करोड रुपया दिया राजस्थान को कितना दिया महाराष्ट्र को, कितना दिया मैसूर को और कितना दिया बिहार को और कितना दिया यू०पी० को । मै राजू साहब का ध्यान इसलिए आकर्षित करना चाहता हू कि इतने सूबे सूखे के शिकार थे, मगर जो भी मदद दी गयी उसका कोई बेसिस नही था । जो महाराष्ट्र को दिया गया, जहा तक मेरी इत्तला है, मुमकिन है कि वह गलत हो, वह कई गुना ज्यादा है प्रपोर्शन मे उसके जो कि राजस्थान को या मैसूर को दिया गया । तो इन मुसीबतो का जब आपने जिक्र किया कि यह है, यह सही है लेकिन उनके लिए जो मौजूदा फण्ड है गवर्नमेट के पास, उनका डिस्ट्रीब्यूशन, उनका विभाजन, और उनकी तकसीम भी किस आधार पर होती है यह मैं जानना चाहता हू । वह आवश्यकताओ के आधार पर नही होती, उसमे भी राजनीतिक आ जाती है तो वह कौन सी मशीनरी आपके दिमाग मे है कि जो गवर्नमेट के असर के बाहर इतनी आजादी के साथ, इतनी ईमानदारी के साथ काम कर सकेगी । जो एजेसी फण्ड प्रोवाइड करेगी उसका भी उसमे जोर होगा और उसकी बात माननी पडेगी । दूसरी आपने सूखे की बात की । सूखे का मसला ऐसा है कि जहा सूखा पडता है वहा आपको तीन चार काम करने पडते है । वहा पहले टेस्ट वर्क शुरू करते है और टेस्ट वर्क मे आपका एक फिक्सेड शेड्यूल वेजेज का है कि आदमी को इतना, बच्चे को इतना और औरतो का इतना । मैं इस बात को मानता हू कि आज की महगाई के जमाने मे उस शेड्यूल को बदलने की आवश्यकता है लेकिन उसके साथ-साथ सबसे बडी आवश्यकता इस बात की है कि वहां अनाज

पहुचे । कौन सी ऐसी प्राइवेट एजेसी है जो कि वहा अनाज पहुचायेगी । अनाज पहुचाने की तो जिम्मेदारी गवर्नमेंट की होगी चाहे केन्द्र की हो चाहे प्रदेश की सरकारो की हो । आज स्थिति यह है कि मैसूर की शिकायत है कि वहा सूखा पडा हुआ है और जितनी उनकी माग है उसका 50 परसैंट अनाज उनको नही मिल रहा है । महाराष्ट्र की स्थिति आप जानते है, कुलकर्णी जी यहा नही है, वहा चार रुपया, पाच रुपया फी किलोग्राम गेहू बिक रहा है । आज बिहार की जो स्थिति है वह भी कोई बहुत अच्छी नही है । राजस्थान के तो माथुर साहब बैठे हुये हैं वह बतायेंगे कि वहा की स्थिति भी काफी दयनीय है । मैं नही कहता कि सरकार जानबूझ कर नही भेजती, गल्ले की कमी है और जितनी भी कोशिश हो सकती है वह भेजने की कोशिश करती है लेकिन अगर कोई प्राइवेट एजेसी हो जायेगी तो गवर्नमेंट की जिम्मेदारी तो खत्म और अगर खत्म न भी हो तो उनको एक शर्किग आफ दि रिसपामिबिलिटी का मौका मिल जायेगा । तो जब कि तमाम रिसोर्सेज़ के बावजूद भी गवर्नमेंट इन सूखे के इलाको मे उनकी माग के हिसाब से अनाज नही भेज पाती है तो हम क्या उम्मीद करे कि कौन सी ऐसी प्राइवेट एजेसी हो सकेगी जो कि इस काम को कर पायेगी । राजू साहब ने इसका एक बडा वाइड स्कोप कर दिया है । उन्होंने कहा कि जो अन्डर ग्राउन्ड वाटर है और जो ड्राट प्रोन एरियाज है उनके अन्दर हमको नई टैकनिक डेवलप करनी पडेगी ज़मीन को तोड़ करके ताकि उसके अन्दर पानी परकोलेट करे । उन्होने कहा कि इस तरह की कई बाते करनी पडेगी, ठीक है करनी चाहिये लेकिन इसको कौन करेगा । इसको प्राइवेट एजेसी तो कर नहीं सकेगी । 25 साल से यह गवर्नमेंट है । मैं भी मत्री था, आप भी थे और आज भी यह गवर्नमेंट काम कर रही है, अपने ही लोग बैठे हुये है, लेकिन 25 साल तक इसकी तमाम कोशिश के बाद भी वह सब चीजे नही हो पाई । उनकी कठिनाइया भी होगी । तब मैं कैसे यह उम्मीद करूं कि कोई अलग से स्टैटुटरी बाडी ऐसी हो जायेगी जो कि वहा यह टेकनिकल काम भी शुरू कर देगी ।

आपने आबपाशी की बात की । आपने बाढ की बात की । मैं जानता हू कि शायद ही कोई स्टेट है जहा कि फलड कन्ट्रोल बोर्ड नहीं है, सभी स्टेट मे है । हरियाणा मैं भी मैं समझता हू, चौधरी साहब, होगा ।

**श्री रणबीर सिंह** (हरियाणा) है ।

**श्री नवल किशोर:** सेन्टर मे भी इसके लिये बोर्ड है, यह काम जो भी है वह सेन्ट्रल वाटर एण्ड पावर कमिशन करता है । लेकिन हमारी बदकिस्मती की बात है कि कही तो बाढ से नुकसान होता है, सत्यानाश होता है, फसल बर्बाद होती है और कही सूखा पडता है और पानी का इस्तेमाल नही हो पाता है और वह बह कर समुद्र मे चला जाता है । डा० राव है । मैं कोई ताने की बात नही कहता । वह एक योग्य व्यक्ति हैं, हिन्दुस्तान के अच्छे इजीनियर है, वर्षो से इसके इचार्ज है पावर और इरिगेशन के लेकिन आज भी 26 साल की आज़ादी के बाद 20-22 परसेन्ट का एवरेज है हिन्दुस्तान मे जहा कि आबपाशी होती है जिसमे कि नहरे भी शामिल है और ट्यूब वेल्स भी शामिल है और ट्यूब वेल्स मे आप देखते है कि बिजली की हालत क्या है । तो यह स्टैटुटरी बाडी क्या करेगी ? सारी स्टेट गवर्नमेंट्स और सेन्ट्रल गवर्नमेंट मिल कर के करती है तब यह स्थिति है । उत्तर प्रदेश मे कोई 30 या 32 परसेन्ट खेती की जो ज़मीन है उसमे आबपाशी होती है और उस स्टेज से आगे हम नही बढ पाये है ।

तो जहा तक आपके ध्येय की बात है, आपके आबजेक्टिव की बात है उससे मैं इत्तिफाक करता हू लेकिन जो आपने कहा कि एक स्टैटुटरी बाडी बनाई जाय तो यह कौन सी मल्टीफैरियस बाडी बनेगी और क्या–क्या काम किया करेगी । अब जैसे साइक्लोन की बात है तो जो राडार्स के समुद्री किनारो पर फिट होने की बात थी जिससे कि पहले ही वार्निंग मिल जाय कि साइक्लोन आने वाला है वह भी शायद अभी फिट नही हुआ । तो मैं सिर्फ यह कहना चाहता था कि विचार आपका बहुत अच्छा है मगर यह होगा कैसे, चलेगा कैसे । मुझको यह कोई प्रैक्टिकल प्रोपोजीशन––मुझे माफ करेंगे मेरे दोस्त राजू साहब––दिखाई नही पडता

(श्री नवल किशोर)

3 P. M.

है । सही है कि प्राबलम का मैग्नीट्यूड बहुत बडा है । हमारा सारा देश कृषि प्रधान देश है । आपने बताया कि 11 परसेन्ट आदमी ऐसे है जो करीब-करीब सूखे के क्षेत्रो के अन्दर रहते हैं । वे क्षेत्र ईयरमार्क भी हो गए हैं, एलोकेट भी हो गए है । आप केवल 11 परसेन्ट की बात करते है । आपने रिपोर्ट पढी होगी प्लानिंग कमीशन की, उसमे लिखा हुआ है कि 22 करोड इन्सान हिन्दुस्तान मे ऐसे है, जिनके क्षेत्र मे चाहे सूखा न भी पडता हो, वे पावर्टी की सबसे नीचे की लाइन के भी नीचे अपनी जिन्दगी काटते है, 20 रु० मासिक से कम पर अपनी जिन्दगी काटते है और वह 20 रु० भी आज से 10 साल पहले की कीमतो के आधार पर निकाले गये थ । आज की कीमतो के आधार पर वह तादाद बढ कर 28—30 करोड लोगो की बैठेगी । तो आज जब यह स्थिति है कि हिन्दुस्तान का चालीस-पैंतालीस परसेन्ट आदमी बिलो पावर्टी लाइन जिन्दगी काट रहा है, और उसमे 11 परसेन्ट भी मै आपका जोड लेता हू, यह गवर्नमेट उनका आर्थिक सुधार करने मे अपनी कोशिश मे कामयाब नही हो पायी है, क्योकि बहुत बडी समस्या है, बहुत बडा देश है । तो हम यह कैसे उम्मीद करे कि कोई एक नयी एजेंसी बन कर इन सब बातो को दूर कर देगी ?

आपने कहा कि पावर्टी पर फ्रन्टल एटेक होना चाहिए । सही बात है, होना चाहिए । सारी जो आपकी प्लानिग है, 4 प्लान खत्म होने को आ गए, पाचवा आने को है और सबकी मन्शा यह है कि हमारे देश के अन्दर नियोजन कामयाब हो, पचवर्षीय योजनाए कामयाब हो देश की गरीबी दूर हो, देश के अन्दर खुशहाली हो । काफी काम भी हुआ। मगर इसके बाद भी अगर आप देखे तो स्थिति जितनी तेजी से आगे बढनी चाहिए उतनी तेजी से आगे बढ नही पायी । आपका एम्फेसिस प्लानिग मे इस बात पर था कि हम अपने देश के अन्दर सेल्फ-जनरेटिंग इकानामी स्थापित करे—स्वचालित आर्थिक व्यवस्था कायम करे । वह कैसे होगी ? बिजली मे घाटा, आबपाशी मे घाटा, पब्लिक सेक्टर मे घाटा, हर जगह घाटा हो तो सेल्फ जेनरेटिंग इकानामी कहा से आएगी ? जब सारा टैक्सेशन पब्लिक सेक्टर्स के घाटे को पूरा करने मे खर्चा होगा तो राजू साहब, डेवलपमेट कहा मे होगा ? आपने कहा कि जो इन्कम टैक्स असेसीज हैं वे कुछ कान्ट्रीब्युट करे । अच्छी बात है, जरूर करिए मगर कितना मिलेगा, देखने की बात है । सरकार तो इकट्ठा कर सकती है पैसा और मिस्टर राजू आप भी मिनिस्टर रहे, जब तो आप भी इकट्ठा कर सकते थे, मैं भी कर सकता था । मगर आज आप मागने जाए—बहुत अच्छा काम है गरीबी हटाना —और कहे पैसा दीजिए, तो मुझे माफ कीजिएगा, पैसा नही मिलेगा – अगर कोई आन्ध्र प्रदेश का मिनिस्टर, अभी तो नही लेकिन जब कभी गवर्नमेट होगी, पैसा मागे तो शायद थोडा बहुत पैसा मिल जाएगा । आपने कोटेशन दी मिस्टर डाडेकर की कि गवर्नमेट मशीनरी काफी नही है। मैं भी आपके साथ कन्डेम करने को तैयार हू गवर्नमेट मशीनरी को, जितने सरकारी कर्मचारी हैं उनको कन्डेम कर सकता हू, मगर अच्छे कहा से आयेगे जो लोग नई बनाई गई स्टेटुटरी बाडी मे काम करेगे क्या वे कहीं स्वर्ग से देवता बन कर सीढी से उतर कर आयेगे जो ईमानदारी से दयानतदारी से काम करेगे जिनके अन्दर अधिक ईमानदारी की स्पिरिट होगी । हमने और आपने अपनी जिन्दगी काट दी देश की सेवा मे । आज जनता क्या कहती है कि अरे भाई ये पुराने लोग इनका पेट भर गया है, नये भूखे आयेगे । यह हमको सार्टिफिकेट मिलता है । कितने लोग हमारी पालिटिक्स के अन्दर ऐसे हैं जो मिशनरी स्पिरिट के साथ, गाधी जी की बनाई सेवा-भावना के साथ काम करते है । मिनिस्टर होगे तो रहेगे एयर कडिशनिग मे और घूमेगे इम्पाला मे और मर्सीडीज मे और जनता से कहेगे आप कुर्बानी कीजिए गरीबो के वास्ते । जो गरीबो का दर्द किताबो मे देखा जाता है, कवियो की कविताओ मे तो गरीब के दर्द की टीस दिखायी देती है, वह टीस आपके और जिनके हाथो मे देश का सचालन है उनकी जिन्दगी के रहन सहन मे या कहीं भी, उनके प्रति दिखायी नही देती । तो मैं यह कहना चाहता हू

कि आपके विचार अच्छे हैं और मैं आपको टीम से इत्तफाक करता हूं। लेकिन जो आपने प्लानिंग कमीशन की बात कही कि उसने चार साल के अन्दर 100 करोड़ रुपया खर्च करने की बात कही है वह भी 54 डिस्ट्रिक्ट के लिए। बात तो सही है, लेकिन अगर आप हिसाब लगाइये तो एक डिस्ट्रिक्ट के लिए 2 करोड़ रुपया पहुंचेगा चार साल के अन्दर। इस तरह से एक साल में 50 लाख रुपया पहुंचेगा जो कि बहुत ही कम है। यह तो एसा हुआ जैसा कि किसी को, जो भूखा है उसको कुछ दाने देकर शान्त कर दिया गया हो। इस तरह से क्या काम आगे तो होगा।

आपने कहा कि डवलपमेंट रिलीफ एण्ड रिहैबिलीटेशन का काम मिक्स्ड अप नही होना चाहिये। मेरा खयाल यह है कि यह एक इन्टीग्रेटड परफॉर्मेंस की बात है और आप उसको डिमार्केट नही कर पायेंगे। यह सही है कि जहां पर आग लगी हुई हो वहा पर छप्पर बनाने की बात बाद मे आयेगी। पहिले वहा पर आग बुझाने की बात की जायेगी और उसके बाद छप्पर छाने का काम करना होगा।

एक बात यह भी सही है कि बहुत से स्टेटों से शिकायत आती है, जैसे मध्य प्रदेश है, बिहार है कि जो पैसा जिस काम के लिए दिया गया है, उसका इस्तेमाल नही होता है। भारत सेवक समाज के फण्ड्स के बारे में मांग होती है कि उसके कार्य के बारे में जांच की जाय। उसके खिलाफ आरोप लगाये जाते है और इस तरह की न जाने कितनी बाते होती हैं। तो मै यह कहना चाहता हूं कि इस तरह की बाते नही होनी चाहिये, लेकिन यह चीजें तो हमारी जिन्दगी का एक हिस्सा बन गई है। गवर्नमेंट मे बैठने वाले लोगो की जो जिन्दगी है, जो उनका ह्यूमन एप्रोच है, जो उनकी फिलासफी है वह अब एक तरह से एक ढर्रे में बन्ध गई है और इस तरह की नई एजेंसी के काम चलने वाला नही है। गांधी जी गवर्नमेंट में नही थे और न होते हुए भी वे सारी कांग्रेस का सचालन करते थे। उन्होने अपनी जिन्दगी में अपने आपको गरीबों के साथ आइडेन्टिफाई किया और हिन्दुस्तान के गरीब आदमियों को प्रेरणा दी। आज गांधी जी की वह प्रेरणा कहां चली गई है? क्या आज हम देश से गरीबी को दूर कर सके हैं?

श्रीमन्, एक बात मैं सही मानता हूं राजू साहब की कि जो फारेन आर्गेनाइजेशन है और जो स्थानीय आर्गेनाइजेशन है, जहा तक हो उनको कामों का डुप्लीकेशन नही होना चाहिये। उनके जरिये अगर आप सुविधा देते हैं गरीबों को तो बहुत अच्छी बात है, मगर उनके कार्य पूल होने चाहिये। आपने पाचवें फाइनेंस कमीशन की बात कही है कि वह 14 करोड़ रुपया देगा। यह बात सही है, लेकिन यह पैसा भी तो गवर्नमेंट ही देगी, मेन पैसा तो गवर्नमेंट से ही आयेगा चाहे वह कांट्रीब्युशन की शक्ल में आये, चाहे सरकारी एजेंसियों द्वारा इकट्ठा किया गया हो, होगा तो वह रुपया गवर्नमेंट का ही।

आपने यह बात भी कही कि जहां पर सूखा पड़ता है, वहां के बच्चे दुबले पतले हो जाते हैं। यूनाइटेड नेशन ने जो दूध का पाउडर बच्चों के लिए दिया है उसको हम, राजू साहब और हरियाणा के चौधरी साहब दिल्ली में जो डयरी में दूध बिकता है उसके द्वारा पी जाते हैं। सुबह शाम देहली में उस दूध के पाउडर का दूध बिकता है जो बच्चों के लिए आया है और जिसको हम लोग पी जाते हैं। इसलिए मै कहना चाहता हू कि अगर वाकई मे आपके मन में टीस है तो आपको दो बातों की तरफ ध्यान देना चाहिये।

यह बात सही है कि 1934 में बिहार में भूकम्प आया था और उस समय राजेन्द्र बाबू जैसे लोग उस महायत्ना मे कूद पड़े थे। उन्होंने जनता में जाकर जनमत पैदा किया, लाखों लोगों को अपने साथ लिया और इस तरह से बिहार में सान्त्वना दी और शान्ति पैदा की। आज अगर कही उस तरह की बात होती तो हमारे भूपेश गुप्त कहते कि राजेन्द्र बाबू तो बुर्जुआओं के एजेंट हैं और राइट रिएक्शन के रिप्रेजेंटेटिव है। जिन लोगो ने लाखो रुपया देकर एजूकेशनल सस्थाओं को चलाया है, देश में शिक्षा के काम को आगे

[श्री नवल किशोर]

बढाया है, उनको आप कण्डम करते है । मैं नही कहता कि उन्होंने तरक्की करने के साथ गलती नही की है, लेकिन उनको आप हमेशा कण्डम करते है । तो इस तरह से जो प्राइवेट एजेंसिया आगे आती हैं, उनको कण्डम करके देश आगे नही बढ सकता है ।

आपने कहा कि सब लोगो को काम मिलना चाहिये । हमने कास्टीट्यूशन मे 25–26 अमेंडमेंट कर दिये है, शायद 31 तक नम्बर पहुच गया है । क्या राज साहब इस बात के लिए तैयार है कि कास्टीट्यूशन मे एक और अमेंडमेंट कर दिया जाय । मैं समझता हू कि हर्षदेव मालवीय इसको सपोर्ट करेगे कि राइट टु वर्क को फण्डामेंटल राइट मे इनकारपोरेट कर दिया जाय कि हर एक एडल्ट को काम मिलना चाहिए तथा उसको काम पाने का अधिकार है । अगर इस तरह का अमेंडमेंट कोई आये, तो मै वादा करता हू कि मै आपका साथ दूगा । केवल बात कहने से काम नही चलेगा । जहा तक आइडिया का सवाल है, मै आपसे इत्तिफाक करता हू । जहा तक मशीनरी की बात कही है, मुझे डाउट है, कि गवर्नमेंट से अलग और आप मशीनरी बनायेगे तो उससे काम नही चलेगा । इस बात पर जोर दीजिए कि गवर्नमेंट के जो वादे है उनका गवर्नमेंट इम्पलीमेंट करे और इम्पलीमेंटशन की जो मशीनरी है उसमे सुधार कीजिए और उसका रिआरिएन्टेशन कीजिए ताकि मासेज की जो दिक्कते है वे समाप्त हो । इन शब्दो के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हू ।

SHRI HARSH DEO MALAVIYA (Uttar Pradesh) Sir, I rise to support the motion before the House moved by my friend the hon Mr V B Raju This is one of the most constructive Resolutions which have come up before this House and quite in accordance with the constructive nature of Mr Raju We are every day faced with this problem of droughts, cyclones, floods, fires and all these But if we look back to our history, this has not been the case with us in our days past William Digby the famous author of "'Prosperous' British India" said that during Akbar s time there was an estimate made and it was calculated that if all the year's agricultural produce could be stored properly then India could face the famine for three years. But unfortunately in course of time we went down, we were dominated by an alien power And, Sir, we fell into very bad days There were any amount of famines in our country According to admitted official figures quoted from the British Famine Commission Reports from 1853 to 1900 there were so many famines in India, in Deccan, in UP, in Bihar and in Bengal. It was estimated according to official, admitted British figures that 2 8 crores of Indians died of starvation And one British author wrote that the bones of Indians bleached the plains of India It is supposed to be an underestimate as all official figures generally are It is estimated that about 5 crores of people , more than the population of Britain, died of hunger and starvation in our country So, when we were able to successfully remove the British rule from India, we had to face a backlog the heritage of British colonial administration Even after our independence we were immediately faced with a number of problems and crises, and in the total result today it is to be admitted that our situation is none too good Partly it is the result of not so good an arrangement of our economy and partly also it is the result of natural calamities Droughts, floods and cyclones cause great losses—they are the products of natural calamities—and on certain occasions there is starvation which is very often the result of the operation of the economy and the operation of the black marketeers and the hoarders

Sir, our Government has been quite alive to the situation I have before me

a programme for the drought-prone areas It says

"An important objective of the Fourth Plan in the agricultural sector is to enable as large a section of the rural population as possible including the small cultivator the farmer in dry areas and the agricultural labour to participate in development and share its benefits For achieving this objective, special programmes designed for under privileged classes and areas have been given a prominent place One of the Rural Works Programmes was started in 1970-71 and it was subsequently redesignated as Drought Prone Areas Programme at the time of the Mid-term Appraisals and transferred to the Central Plan

Now the total outlay for the 54 drought-prone districts for the four-year period 1970-71 to 1974-75 is Rs 100 crores For each district the allocation is nearly Rs 2 crores As against this available outlay of Rs 100 crores a total estimated cost of nearly Rs 112 crores has been sanctioned under the programme

The State-wise figures are

| | Crores |
|---|---|
| Andhra Pradesh . . . | 8 99 |
| Bihar . . . | 5 90 |
| Gujarat . . . . | 15 70 |

and so on So what I wish to bring to your notice is that already huge funds are being allocated for the purpose that Mr Raju has got in his mind Here I have got some figures In Maharashtra as many as 24,797 villages have been affected The population affected is 2 crores and the expenditure incurred on drought relief up to 31-1-73 was Rs 46 80 crores In February this amount was Rs 49 crores In Rajasthan as many as 18,498 villages were affected. The population affected was 1.33 crores and the expenditure incurred up to 31-1-73 was Rs 7 crores. In February the amount spent was Rs 5 crores In Gujarat the number of villages affected was 12, 119, population affected was 1 34 crores and the expenditure incurred up to 31-1-73 was Rs 12 58 crores The money spent in February was Rs 1 50 crores Thus you will see that already huge sums are being spent

Furthermore, I will bring to the notice of the House that according to the statement given either to this House or to the Lok Sabha some time ago the total amount of Central assistance released to the different States including financial assistance released for drought relief, for special minor irrigation programmes etc , for agricultural inputs was Rs 438 67 crores So huge funds are already being spent I believe what Mr Raju's resolution seeks to achieve is that all the moneys that are being spent on this purpose should be pooled together, according to him, in a Natural Calamities Relief Fund organisation both at the Centre and the States, But what is more important in his resolution is that he is suggesting that this fund should not merely rely upon the assistance given by the state But he wants to raise, as he said from a reservior of philanthropy in our society and we should approach the people If we approach and rightly appeal to the people as we have been successful in the past, we can certainly draw upon this reservoir of philanthropy in our country,

There is another suggestion As Mr. Raju has suggested, the Finance Commission should recommend a certain percentage I think he said Rs 14 crores The present Finance Commission, the Sixth Commisssion, under the Chairmanship of Mr Brahmanand Reddy, should allot a sizeable fund for this purpose

I also support the idea that in each budget presented by the Central Govern-

[Shri Harsh Deo Malaviya]

ment or by the State Governments a certain percentage of the total budgeted amount should be automatically earmarked for such a fund Furthermore, it is quite right that in those areas which have benefited by the expenditure of huge sums of public money through irrigation and river valley projects and where the people are much better off then their unfortunate brethren in other parts of the country, they should be made be to subscribe, in howsoever small amounts, to this fund. I would also commend it to my friend, Mr. K. R Ganesh, that the Government should launch schemes in its mind the mopping up of black money I do not know if there is a scheme His is a fertile mind and I hope he will find out the way in which perhaps some of this black money which has been estimated by the Wanchoo Committee at as much as Rs 7,000 crores, can be mopped up, by some inducements, some devices, for this fund If we succeed in even getting a part of it, it will be a big contribution

Dr K. MATHEW KURIAN (Kerala) You want incentives for black money.

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : There were certain past cases His is a fertile brain He can find out Once such a fund is organised, it will be very useful But the more important point is how it should be administered, how it should be made use of I share the fears which Nawal Kishoreji has placed before the House In the administration of such funds always there are difficulties There is local corruption Sometimes, as he has said, the milk is consumed not by those who should get it but by some others So, a proper machinery has to be created, a machinery which should be not only honest but efficient and should act in good time In such an administration, the role of the traditional bureaucracy should be reduced to the minium There are so many public organisations, so many philanthropic organisations like Seva Samities, which have been doing very good work for years and years, they have got experience. Such popular organisations should be associated in the the administration of this fund, in its working out in the affected areas

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : वह भारत सेवक समाज न हो ।

SHRI HARSH DEO MALAVIYA : हां, ठीक है । Also, Sir, such a programme should have a social purpose The working out of this fund and the schemes in the respective areas should also have a social purpose which should result in creating an enthusiasm among the people and should also lead to a levelling up of the gross inequalities in that area Furthermore, the representative popular organisations, irrespective of their political affiliations, whether they belong to this party, or that party where they are effective at a particular place, should be associated in the functioning of such a fund, in the schemes of such a fund, because this is a humanitarian work Such association should be elcomed by the Government and should be welcomed by the chief whoever he may be.

I believe Mr Raju referred to the functioning of the UNRRA, United Nations Relief and Rehabilitation Administration I believe this organisation has certainly done a great work in this world It has been giving a lot of help to the Palestinian refugees and also elsewhere This has been one of the best things created by the United Nations—the UNRRA. And it would be worthwhile for us to draw upon the experience of this UNRRA in the running of such a fund I hope this proposal will receive Government's serious attention and would not just be discussed and passed off and talked off. It would receive serious consideration

because it will certainly help our aim We are spending as I pointed out, crores and crores of rupees on drought and cyclone and all these things, And if this is administered in a coordinated way and with a fixed fund by a settled organisation having the support of people, I think it will do much good to our country With this I support this Resolution

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : उपसभाध्यक्ष महोदय, मै श्री राजू के मोशन को केवल एक मोशन के रूप मे नही मानता हू, लेकिन गवर्नमेंट के खिलाफ यह एक सेंसर मोशन के रूप मे आया है, इसको इस भावना मे लेता हू । अपनी पार्टी के खिलाफ अपनी पार्टी के 25 साल के जो फेल्योर्स है वह उनके इस प्रस्ताव की दृष्टि से स्पष्ट दिखायी देते हैं। 25 साल की आजादी के बाद वह जिस प्रकार का प्रस्ताव ले कर आये है, उससे स्पष्ट लगता है कि गवर्नमेंट के फेल्योर को उन्होने स्वीकार किया है और एक सेंसर मोशन के रूप मे उन्होने इसको पेश किया है और इस नाते मन्त्री जी इसको तो स्वीकार नही करेंगे । श्री गणेश इसका उत्तर देंगे और कह देंगे कि इसको वापस ले लो । इसलिए जहा तक इस भावना का सवाल है, मै उसका समर्थन करता हू और मैंने इसके अदर कुछ सुझाव भी सशोधन के रूप मे पेश किये है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज तक जितनी भी प्राकृतिक विपदाये आयी उनके सबध मे सरकार का जो दृष्टिकोण रहा है, वह केवल तात्कालिक सहायता के रूप मे राजनीतिक आधार पर रहा है और यही कारण है कि 25 साल मे न हम अकाल को मिटा सके और न बाढ को ही मिटा सके । यह कहा जा सकता है कि जैसे साइक्लोन आता है तो उसके बारे मे पूर्व सूचना देने की व्यवस्था है, लेकिन फिर भी साइक्लान तो आयेगा ही। लेकिन बाढ और अकाल यह दो जिस प्रकार की समस्याये है, हम उन का निदान कर सकते थे। सरकार अगर योजना बनाती तो इनका निदान किया जा सकता था, लेकिन आज 25 साल के बाद भी महाराष्ट्र मे, राजस्थान मे, मैसूर मे और बिहार मे जिस प्रकार का अकाल पडा हुआ है, वह हिन्दुस्तान के इतिहास मे एक बहुत बडा अकाल है । तो इसका अर्थ यह है कि यह अकाल इस सरकार की विफलता का प्रतीक है और इस पार्टी की विफलता का भी प्रतीक है कि 25 साल बाद भी वह इसका कोई प्रबध देश मे नही कर सकी, इसकी कोई रोकथाम नही कर सकी ।

**श्री हर्षदेव मालवीय** : पानी नही बरसा ।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** . पानी नही बरसा तो हरित क्रान्ति का दावा आप क्यो करते थे। भगवान ने पानी बरसा दिया उस का सारा श्रेय आप ने ले लिया, और इस साल पानी नही बरसा तो उसमे भगवान का दोष है। यह भगवान का दोष नही, हमारी सरकार की योजनाओ की विफलता है। और मान्यवर, आज हिन्दुस्तान मे जहा भी बाढ आती है उसके आने ही जो सबसे पहला काम होता है वह यह कि वहा प्रधान मन्त्री जी हैलीकोप्टर मे बैठ कर जाती है, चाहे वह बाढ उत्तर प्रदेश मे हो या बिहार मे हो या बगाल मे हो, उसका एक रेगुलर फीचर यह है कि प्रधान मन्त्री जी वहा हैलीकोप्टर मे जायेगी और उनका चित्र अखबारो मे आयेगा, सिनेमाओ मे उन की रील दिखायी जायगी कि प्रधान मन्त्री जी ने बाढ ग्रस्त क्षेत्रो का दौरा किया है और उस के बाद वे अपने कोष से 20, 50 हजार रुपया या एक या दो लाख रुपया सहायता कार्य के लिये देगी । उसका कोई मतलब नही है । उस भयकर बाढ मे प्रधान मन्त्री जी के कोष की सहायता का कोई अर्थ नही होता, लेकिन राजनीतिक आधार पर केवल उसकी चर्चा बनाये रखने के लिए यह सब किया जाता है । बाढ के लिए हम कितना रुपया दे, कितना उस का असेसमेंट है उस की कोई व्यवस्था नही होगी और तात्कालिक सहायता के नाते जो निदान किया जाना है उसकी व्यवस्था प्रान्तीय सरकारे करती है ।

**श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत** (राजस्थान) : अगर आपको इतना दर्द होता तो आप इस समय अकाल क्षेत्र मे घूमते, यहा पार्लियामेंट मे न बैठे होते ।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : मै कितना घूमता हू इस का पता आपको नही है, आप ने शायद उतना देखा भी न होगा । मै तो अभी भी वहा जा कर आया हू । बाढ के नियत्रण की दृष्टि से आज अपने देश मे कोई केन्द्रीय अथारिटी नही है । श्री राव ने भी कहा है और वह चाहते हैं कि बाढ की दृष्टि से कोई केन्द्रीय अथारिटी बने और सारे देश मे बाढ नियत्रण का काम उस के पास हो । अन्यथा क्या होता है । एक नदी विभिन्न प्रान्तो से गुजर कर जाती है और एक प्रान्त का यह प्रयत्न रहता है कि हमारे यहाँ बाढ़ न रहे, हमारे यहा से पानी निकल जाय और दूसरे प्रान्त में चला जाय । वे अपने यहा का पानी दूसरे प्रान्त मे फेंकने का प्रयत्न करते हैं ।

**श्री नवल किशोर** : हम ऐसा नही करते ।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : लेकिन ऐसा कई बार होता है । आप देखेंगे कि भरतपुर मे पिछले दिनो बाढ आयी ।

[THE VICE CHAIRMAN (SHRI RAM SAHAI) in the chair]

भरतपुर के इलाके मे जो बाढ आती है वह इस कारण से आती है कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश का जो फालतू पानी होता है वह उन्होने अपने यहा नही रोका, राजस्थान के अन्दर इस पानी को डाल दिया । तो अब बताइये इसका नियत्रण कौन करेगा । हरियाणा अपना अलग है, उत्तर प्रदेश अलग राज्य और राजस्थान अलग राज्य है, तो फिर यह किस प्रकार से केन्द्रीय अथारिटी कर सकती है, किस प्रकार से यह केन्द्रीय सरकार के जिम्मे हो, मुझे पता नही कि कौन से ऐसे राजनैतिक कारण आते है कि जो इसकी रोकथाम नही की जा सकती, इसकी व्यवस्था नही की जा सकती । गगा नदी मे प्रति वर्ष बाढ आती है और दक्षिण की नदियो मे भी प्रति वर्ष बाढ आती है और भयकर नुकसान होता है, रेलवे का भी बहुत नुकसान होता है । ओम् मेहता साहब बैठे हुए है, ये जो सडके बनाने का काम करते है, उनसे भी बाढ़े आती है । ये सड़के भी बाढ़ ले आती है । बाढ वाले रोते है कि ये लोग ऐसी सड़के बना देते है कि उसकी वजह से भी बाढ आ जाती है । सड़के बनाते वक्त ध्यान नही दिया गया कि नाला होना चाहिये या नही और उसकी वजह से बाढ आ गई । तो यह भी बाढ का एक बहुत बड़ा कारण है। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि कोआर्डिनेटड स्कीम बाढ को रोकने की दृष्टि से हमारे देश मे नही है ।

**श्री ओम मेहता** : अगर माननीय सदस्य चाहे तो हम सड़के बनाना बन्द कर दे ।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : मैने यह नही कहा कि सड़के बनाना बन्द कर दे, सडके ठीक बनाइये, व्यवस्था के साथ बनाइये । तो यह कठिनाई है । बाढ़ को रोकने की दृष्टि से यह व्यवस्था हो सकती है, लेकिन हमारी सरकार ने इसको किया नही ।

दूसरी जो सबसे बडी बात है, जिस पर इस समय बडी चर्चा है वह सूखे की है, अकाल की है । इससे लोग बहुत चिन्तित है । क्योकि बाढ तो अभी कही है नही, अगले सत्र मे, जुलाई-अगस्त मे जब हम मिलेंगे तब जरूर बाढ की चर्चा होगी क्योकि बाढ का रोग ऐसा है जो कि देश के अन्दर सरकार के रोकने से रुकेगा नही । बाढे कुछ इलाके मे ज्यादा आती है । तो अगले सत्र मे बाढ के बारे मे चर्चा करेंगे, अभी तो चर्चा का मुख्य विषय अकाल का है । अकाल के सम्बन्ध मे माननीय श्री राजू साहब का जो प्रस्ताव है वह मै समझता हू कि इतना अधूरा है कि क्या कहू । आपने निधि की बात कही । एक कोष बनाने की बात कही मै समझता हू कि केन्द्रीय सरकार के कोष मे रुपये की कोई कमी नही है । केन्द्रीय सरकार जितना रुपया चाहती है उतना खर्च करती है, कर रही है, कोई रुपया की वजह से अकाल की समस्या का निदान नही हो रहा है, ऐसा मै नही मानता । रुपया तो आख मीच कर देने की स्थिति मे हमारी सरकार है। अभी हर्षदेव मालवीय जी ने जो आकडे प्रस्तुत किये, वे स्वय इस बारे

के प्रतीक है कि केन्द्रीय सरकार जो रुपया इस अकाल के सम्बन्ध मे व्यय करती है, वह कोई योजनाबद्ध तरीके से नही कर रही है। किसी राजनैतिक दबाव के आधार पर, राजनीतिक के दृष्टिकोण के आधार पर आज रुपया व्यय किया जा रहा है। आज महाराष्ट्र मे अकाल है, महाराष्ट्र मे वहा 24 हजार गावो मे अकाल है। राजस्थान मे भी अकाल है, राजस्थान मे 18 हजार गावो मे अकाल है, वहा एक करोड चौतीस लाख लोग अकाल से पीडित है। महाराष्ट्र मे दो करोड के लगभग लोग अकाल से पीडित है। अब जहा रुपये देने का सवाल आया तो उसमे गणेश साहब की कोई चलती नही, वित्त मंत्री चव्हाण साहब है और अकाल मंत्री शिंदे साहब है, दोनो एक प्रान्त के है, एक प्रान्त के होने के कारण महाराष्ट्र को 70 करोड रुपया मिलता है और राजस्थान को 5 करोड रुपया मिलता है और मैसूर को 4 करोड रुपया मिलता है। अब, राजू साहब जिस प्रकार की अथारिटी बनाना चाहते है, वह अथारिटी किस प्रकार से रुपया व्यय करेगी, यह समझ मे नही आता। मैंने जैसा कि कहा, रुपये की कमी नही है, सवाल है सरकार के दृष्टिकोण का, सरकार के पास जो रुपया है, उस रुपये को जिस प्रकार से सरकार खर्च कर रही है। पूरे अकाल के लिए महाराष्ट्र मे ढाई अरब रुपये की योजना बनी है। महाराष्ट्र की ढाई अरब रुपये की योजना है सो ठीक है, लकिन आपका प्रान्त है, मेरा प्रान्त है या मैसूर का प्रान्त है, उडीसा है, गुजरात है, तो इन प्रान्तो मे भी यह समस्या है लेकिन इन प्रान्तो को इस तरह कुछ नही मिलने वाला है। मुझे महाराष्ट्र से पूर्ण सहानुभूति है, महाराष्ट्र मे भयकर अकाल है, मै कहता हू कि बडी भयकर स्थिति है, मैं वहा जा कर आया हूं, वास्तव मे वहा भयकर अकाल है, इतना भयकर है कि आज के दिन भी, इस आजादी के समय मे भी, अकाल से लोग भूख से मर रहे है, महाराष्ट्र मे मर रहे है, मरे है, शिंदे साहब की कास्टीटुएसी के लोग मरे है। मेरे राजस्थान प्रान्त मे भी भूख मे लोग मरे है, भूख से मरने वाले लोगो की सख्या निरतर बढ रही है। इसलिए मैने कहा कि इस प्रकार के भयंकर अकाल को मीट आउट करने के लिए सरकार की कोई प्लानिंग नही है। शिन्दे साहब से जब भी बार-बार कहा गया कि आखिर जो रुपया आप व्यय कर रहे है, वह किन स्कीमो पर व्यय हो रहा है उनका आउटपुट क्या है, उन्होने कहा यह काम हमारा नही है, हमारा काम केवल रुपया सैक्शन करना है, जो उनकी मिनिस्ट्री है वह योजना बनाएगी, फाइनेंस मिनिस्ट्री उसको सैंक्शन कर देगी और वह रुपया उस प्रान्त के अदर चला जाएगा। प्रान्तीय सरकार किस प्रकार से व्यय करेगी, यह प्रान्तीय सरकार जानेगी। जब लोक सभा मे राजस्थान के अकाल की चर्चा हो रही थी तो स्वय शिंदे साहब ने कहा था कि राजस्थान मे पिछले अकालो के वक्त जो रुपया व्यय हुआ है, उसमे 70 परसेन्ट सनी वेस्ट हुआ है। वह रुपया ऐसी सडके बनाने मे लग गया, जिन सडको का पता नही है, सडके अपने स्थान मे नही है। शिन्दे साहब ने ही यह कहा है, मै अपने नाते से यह बात नही कह रहा। आप राजस्थान मे जैसलमेर मे, बाडमेर मे जाइए, वहा हर अकाल मे सडक बनने की बात बतायी जाती है, लेकिन आप जाकर देखिए वहां सड़क उस स्थान मे नही है। तो शिन्दे साहब ने कहा अनप्रोडक्टिव वर्क पर राजस्थान मे खर्चा हुआ है। (*Interruption*) मै अपने नाते से यह बात नही कह रहा हू, मै शिन्दे साहब को कोट् कर रहा हू।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जो मैंने अपने सशोधन मे रखा है, शिन्दे साहब ने भी अपने भाषण मे यह कहा था कि हमारे पास रुपये की कमी नही है, हम रुपया देना चाहते है, लेकिन कोई प्रोडक्टिव काम तो हो। उन्होने कहा हम राजस्थान कैनाल के लिये रुपया देंगे, हम एफोरेस्टेशन के लिए रुपया देंगे, हम दूसरे कामो के लिए रुपया देंगे, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि प्रान्तीय सरकारे जो जरूरी बाध है उनको बनाने मे भी सक्षम नही है। खाली सरकार मे बैठ कर योजनाए तो बनायी जाती है कि कौन-कौन से जिले है जो स्थायी रूप मे अकाल से पीडित हैं, उनके लिए कौन सी योजनाए चालू होने वाली

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

है। आखिर एक कोआर्डिनेटेड स्कीम कौन बनाएगा? केवल रुपया सैंक्शन करने से नही होगा। आज जिस प्रकार की अकाल की स्थिति है और उसमे जिस प्रकार से लोग काम कर रहे है—मत्री महोदय कहेंगे हमने इतना रुपया दिया है, एक पुरुष जो वहा काम करता है उसको 3 रु० रोज मिलता है, महिला को ढाई रुपए मिलता है, लेकिन मैं सदन की जानकारी के लिए कहता हू कि 3 पैसे रोज़ की मजदूरी मिली है। 3 पैसे राज की मजदूरी मे क्या कोई अपना पेट भर सकता है। ऐसे भी रिलीफ वर्क्स है, जहाँ एक व्यक्ति को काम करने के लिए रोजाना केवल 30 पैसे की मजदूरी मिली है एक महीने के अदर। सरकार कहती है कि हमने तो जो काम था उसका क्वान्टम तय किया कि इतना काम करेगा तो रुपया मिलेगा। लेकिन आज जो लोग अकाल से पीडित है, पिछले 10 वर्षों से अकाल पीडित रहे, है उन लोगो की जो आर्थिक स्थिति और शारीरिक क्षमता है, वह इस प्रकार की नही जिस प्रकार कि पी० डब्ल्यू० डी० के गैंगमैन काम करते है। सदन मे वह जरूर कहेंगे कि हमने 2 रु० या ढाई रुपए, जो अग्रेजो के समय मे फेमिन कोड बना था उसकी चिन्ता नही करनी चाहिए, हमने उसको मिटा दिया है, हमने . . .

**श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूडावत:** आपसे किसने कहा 3 पैसे मजदूरी है।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर:** मैं स्वय अपनी जानकारी से कह रहा हू। मैने कहा, 3 पैसे प्रति रोज की मजदूरी मिलती है।

*(Interruption)*

**श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूडावत:** आप इतनी गलत बात न कहे।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर:** मै आपको पूरी काफिडेन्स से कहता हू, सरकारी आकडो के आधार पर कहता हू, 3 पैसे रोज की मजदूरी राजस्थान के लोगो को मिली है। आप चाहे तो मेरे साथ चले, मैं अपने शिकार जिले की बात करता हू, मै रिलीफ कैम्प का नाम बता सकता हू कि किस रिलीफ कैम्प मे कितना पैसा मिला। यह कहना कि जिनको पहले एक-डेढ रुपया राज मिलता था, उसकी बजाए हमने ढाई-तीन रुपया कर दिया, यह बात गलत है। इसलिए मै कहना चाहता हू कि यह जो अकाल के सबध मे केन्द्रीय स्तर के ऊपर जो आप कमीशन बना रहे है, उसके बारे मे मै राज् साहब से कहूगा कि यह अधूरा रहेगा, अगर केवल रुपया सैंक्शन करने के नाते ही आपने रखा है। आपके जो शब्द है, उनमे केवल इतना है कि केवल मनी सैंक्शन करने वाली अथारिटी हो कि किस प्रकार से कहा कितना रुपया जाए। लेकिन इसके साथ अगर हमने इस कमीशन को इस प्रकार की व्यवस्था दी—अब तक क्या व्यवस्था है, श्रीमन्, कि केन्द्रीय सरकार सैन्ट्रल टीम भेजती है, किसी भी प्रान्त मे गई, एक बार गई, दो बार गई, वहा का असेसमेट करती है कितना काम है, कितना अकाल है और किस प्रकार से रुपया मिलना चाहिए? अब रानी साहिबा कहेंगी मै झूठ बोलता हू लेकिन सेन्ट्रल स्टडी टीम की रिपोर्ट है कि आपकी कास्टीट्युएन्सी के इलाके के अदर, मेवाड के अदर जहा रिलीफ वर्क हुआ है, जितना भी हुआ है, वह पालिटिकल आधार पर हुआ है। यह गवर्नमेट आफ इडिया की स्टडी टीम की रिपोर्ट है

**श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूडावत:** सेन्ट्रल स्टडी टीम की रिपोर्ट यह है—अगर फेमिन मे कोई एरिया गुजर रहा है जैसे उदयपुर का जिला गुजर रहा है—तो उसमे यह लिखा है कि कोई बुनियादी स्कीम बनायी जाए। पूरा एक पैराग्राफ लिखा है। आप देखिए उस रिपोर्ट को।

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** आपने तो मेरी बात का समर्थन किया है और इसीलिए वहा पर डेवलपमेट होना चाहिये और दूसरे काम खोले जाने चाहिएं। स्टडी टीम की जो रिपोर्ट है वह 1968-69 की है, आज की अकाल के बारे मे नही है। आज तो राजस्थान मे भयकर अकाल पडा हुआ है। मारवाडा का जो आदिवासी क्षेत्र है, जहा आदिवासी लोग रहते है, वहा पर तो भयकर अकाल पडा हुआ है और वहा की हालत को देख कर शर्म आती है कि वहाँ पर लोग पशुओ

